एक नजर में

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली नजूल कॉलोनी में रविवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई, जब रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 2 बजे स्थानीय लोगों ने ट्रैक पर युवक को लहूलुहान हालत में देखा, जिसकी सूचना तत्काल रेलवे पुलिस और कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली और कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी जा रही है, जिसने भूरे रंग की पैंट, आसमानी शर्ट पहनी है और हाथ में एक कड़ा धारण किया हुआ है। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदेहास्पद नजर आ रहा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य आपराधिक कारण है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मचुर्री रूम में रखवा दिया है और आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर युवक की शिनाख्त करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

आनंद धाम में फूलों और गुलाल के साथ मनाया गया होली मिलन उत्सव

गुना। कैंट स्थित सेवा भारती आनंद धाम वरिष्ठ जन सेवा केंद्र में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक रूप से भारत माता की आरती, दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समृद्धि सिंह और मुख्य वक्ता सेवा भारती प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद धाम अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने की।

रंगों से सराबोर हुआ शहर

11वें वर्ष भी उत्साह के साथ निकला पारंपरिक गेर महोत्सव

गलियों और रास्तों जहां से भी यह कारवां गुजरा, वहां की सड़कें और दीवारें रंगों से सराबोर हो गईं

नवभारत न्यूज

गुना 8 मार्च का। शहर में रंगपंचमी के पावन अवसर पर सकल हिंदू समाज और गैर महोत्सव आयोजन समिति के तत्वाधान में भव्य गैर महोत्सव का आयोजन किया गया। लगातार 11वें साल आयोजित इस महोत्सव में पूरा शहर रंगों और गुलाल की चादर में लिपटा नजर आया। आयोजन के दौरान युवाओं की भारी मौजूदगी रही और करीब 3 से 4 घंटों तक शहर की सड़कों पर उत्सव का अद्भुत माहौल बना रहा।

परंपरा के अनुसार गैर के भव्य चल समारोह का शुभारंभ हनुमान चौराहे से हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गों जैसे हाट रोड और सदर बाजार होते हुए लक्ष्मीगंज पहुँचा। जिन गलियों और रास्तों से भी यह कारवां गुजरा, वहाँ की सड़कें और दीवारें रंगों से सराबोर हो गईं। लक्ष्मीगंज पहुँचने पर भारत माता की आरती के साथ इस पारंपरिक महोत्सव का विधिवत समापन किया गया। गैर के दौरान उत्साह का मंजर देखने लायक था। कहीं ढोल की थाप पर युवा थिरक रहे थे, तो कहीं बैंड-बाजों की धुन पर लोग सुर में सुर मिलाते नजर आए। हर साल की तरह इस बार भी शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वल्पाहार के साथ गैर का आत्मीय स्वागत किया। लोग पूरी तरह से भक्ति और उल्लास के रंगों में डूबे दिखाई दिए। इस महोत्सव में आम नागरिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सत्ताधारी दल के नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शहर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के बीच निकले इस जुलूस ने भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया है।

रंगपंचमी: हुरियारों की टोली ने शहर को किया रंगों से सराबोर

गुना। जिले भर में रविवार को रंगपंचमी का त्योहार बेहद उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। रंगों के इस महापर्व पर सुबह से ही शहर की सड़कों पर हुरियारों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिससे पूरा वातावरण रंगीन नजर आया। दोपहर तक शहर के विभिन्न मार्गों पर दोपहिया वाहनों पर सवार युवाओं की टोलियां एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हुए मस्ती में लबरेज दिखाई दीं।

इसी के साथ होली से शुरू हुए पांच दिवसीय रंगोत्सव का समापन हो गया है। त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में जगह-जगह चेकिंग पॉइंट बनाए थे। पुलिस बल हुड़दंगियों को नियंत्रित करने के लिए मुस्तैद नजर आया, इसके बावजूद युवाओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी और उन्होंने सुरक्षा घेरों के बीच भी जमकर होली खेली। केवल जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि जिले के ग्रामीण अंचलों और कस्बों में भी रंगपंचमी की भारी धूम रही। पारंपरिक गीतों और ढोल की थाप पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। दोपहर बाद तक चले इस उत्सव के बाद शाम को लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं।

इस पर्व के साथ ही अब पांच दिनों से चल रहे होली उत्सव का विधिवत समापन हो गया है।

फिर नजर आई फायर ब्रिगेड

एक तरफ गैर महोत्सव का उत्साह चरम पर था। वहीं गैर के भव्य चल समारोह में फायर ब्रिगेड का साथ चलना भी चर्चा का विषय बना रहा। किसी ने इसे शहर के सबसे बड़े महोत्सव को देखते हुए उत्साह बढ़ाने वाला बताया तो काई नियम विरूद्ध कहता भी नजर आया। हालांकि अच्छी बात यह है कि अब नगरपालिका के पास एक साथ 3 फायर ब्रिगेड उपलब्ध रहती है, जिससे आपात स्थिति में किसी तरह की अप्रिय घटना को टाला जा सके।

महिला सशक्तिकरण कार्यशाला और सम्मान समारोह आयोजित

रेडक्रास भवन में समाजसेवी महिलाओं का हुआ सम्मान

गुना। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी गुना प्रबंध समिति द्वारा रेडक्रॉस भवन में महिला जागरूकता कार्यशाला एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल रहे, जबकि अध्यक्षता तात्या टोपे यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. किशन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरराज अग्रवाल उपस्थित रहे। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, अनुसुइया रघुवंशी और अंजना सिंघल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि गुना जिला गुलाब उत्पादन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है और पॉलीहाउस के माध्यम से हो रही खेती जिले के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में जिले की बेटी की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि शासन की अधिकांश योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं। उन्होंने ह्यजिज्जी की पंचायतह्न और आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं के कार्यों की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम की शुरूआत में कलेक्टर ने उपस्थित महिलाओं पर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया। अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु डॉ. किशन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सशक्त महिला ही समृद्ध समाज और प्रदेश की पहचान है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम में अनुसुइया रघुवंशी ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. सतीश राजपूत को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही जिले की समाजसेवी महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नर्सिंग ऑफिसर्स, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, महिला चिकित्सकों और महिला सफाई कर्मियों को उनके महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन रेडक्रॉस सचिव डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी ने किया और आभार प्रदर्शन मनोचिकित्सक डॉ. आर.एस. भाटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर चंद्रेश जैन, रमेश मालवीय, प्रदीप जैन, डॉ. भूपेन्द्र डाखरे, विकास सोनी, रोहित सुमन, संगीता भाटी, डॉ. एल.के. शर्मा, आशीष मंगल, काशीराम औरैया, डॉ. पुरुषोत्तम बुनकर सहित रेडक्रॉस प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित, कलेक्टर की अगुवाई में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

गुना। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट जनसुनवाई कक्ष में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मूले तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना त्रिपाठी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना की सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋचा जैन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए इसकी रूपरेखा प्रस्तुत की और महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने प्रतिभागी महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने तथा लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि मधुलिका मूले ने उपस्थित महिलाओं को न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराते हुए कहा कि एक घर को स्वर्ग बनाने के लिए महिला की भूमिका अनिवार्य है। वहीं, विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना त्रिपाठी ने महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकरण महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता, सलाह और वकील उपलब्ध कराकर नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों एवं कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक दिनेश कुमार चंदेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नारी सशक्तिकरण पर आधारित कविता का वाचन किया। अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रतिभागी महिलाओं सहित महिला एवं बाल विकास विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

जेसीआई पायनियर ने महिला दिवस पर किया जुम्बा सेशन का आयोजन, पूर्व अध्यक्षों का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

गुना। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जेसीआई गुना पायनियर द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशेष जुम्बा सेशन का आयोजन किया गया। होटल नवलोक में आयोजित इस कार्यक्रम की जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष अनुज कु. जैन द्वारा दी गई। प्रात: 7 बजे शुरू हुए इस सत्र का संचालन इंदौर की प्रसिद्ध प्रशिक्षिका दिव्यांशी सोनी ने किया। संगीत की धुनों और उत्साहपूर्ण माहौल में लगभग 25 महिला सदस्यों ने जुम्बा करते हुए महिला दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस खास मौके पर संस्था की उन पूर्व महिला अध्यक्षों (लेडी प्रेसिडेंट्स) को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट कार्य किए थे। सम्मानित होने वाली सदस्यों में शलिनी जैन, दीपाली सिंघल, नमिता अग्रवाल, शोभा वैश्य, शिवानी अग्रवाल, रैना जैन, अंकिता अग्रवाल, टीनल जैन एवं यशा जैन शामिल रहीं। संस्था ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन जेसीआई लेडी प्रेसिडेंट प्रियंका अग्रवाल एवं सचिव निक्की अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजकों का उद्देश्य महिलाओं को व्यस्त जीवनशैली के बीच अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए समय निकालने हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के लिए आयोजित स्वल्पाहार के साथ हुआ।

नारी शक्ति का स्वरूप है और वह स्वयं प्रकृति का अंश है

गुना। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति द्वारा त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की बहनों को दंड और तलवार का प्रशिक्षण दिया गया तथा त्रिशूल दीक्षा दिलाई गई।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पानी का कोई निश्चित आकार नहीं होता और वह जिस पात्र में डाला जाए उसी के अनुरूप ढल जाता है, उसी प्रकार नारी भी हर परिस्थिति और माहौल में स्वयं को ढाल लेती है।

मां के घर से लौट रही महिला और मासूम बेटे पर मनचलों ने किया हमला

गुना। शहर में बेखौफ बदमाशों के हौसले पस्त होने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार रात करीब 8 बजे भगत सिंह कॉलोनी से कर्नलगंज की ओर अपने घर लौट रही एक 31 वर्षीय महिला और उनके मासूम बेटे पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पीड़िता अपनी मां के घर से स्कूटी पर वापस आ रही थी। डरावने सपने की तरह इस वीभत्स घटनाक्रम को झेलने वालीं पीड़िता वर्षा सैनी ने बताया कि वह अपने बेटे जीतू के साथ स्कूटी से कर्नलगंज जा रही थीं। जैसे ही वह भगत सिंह कॉलोनी स्थित मुक्तिधाम के पास पहुंचीं, तीन मोटरसाइकिलों पर सवार लगभग आधा दर्जन अज्ञात युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने महिला को चारों तरफ से घेर लिया और उनके साथ छेड़छाड़ व अभद्र हरकतें करने लगे। बदमाशों की हरकत से आक्रोशित होकर जब वर्षा ने हिम्मत दिखाते हुए एक युवक को तमाचा जड़ा, तो आरोपी हिंसक हो उठे। आरोपियों ने महिला के सिर पर पत्थर से जोरदार वार कर दिया। महिला का शोर सुनकर पास की कॉलोनी के लोग और उनकी मां भी मौके पर पहुंच गईं। बीच-बचाव करने आई महिला की बुजुर्ग मां के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की, जिससे वे भी घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही कैंट पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को आता देख आरोपी अपनी दो मोटरसाइकिलें मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। फिलहाल घायल महिला और उनकी मां जिला अस्पताल में इलाज करवा रही हैं। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने गाड़ियां तो जब्त कर ली हैं, लेकिन घटना के इतने समय बीत जाने के बाद भी अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

सार्वजनिक सूचना

मेरे पक्षकार LIC Housing finance Ltd Branch Guna (M.P.) से पवन कुमार जैन पुत्र स्व.श्री ज्ञानिचन्द जैन आयु-73 वर्ष, निवासी रिपटा के पास हाट रोड सब्जी मण्डी गुना जिला गुना म.प्र. का ऋण / सम्पत्ति पर ऋण प्रस्तावित है नीचे उल्लेखित भूखण्ड/भवन के विक्रय पत्र प्रतिभूति स्वरूप (Security) के तोर पर LIC HFL में बंधक किया जाना प्रस्तावित है उक्त भूखण्ड/भवन का विवरण नीचे दिया गया है। अनुबंध कर्ता श्रीमति भगवती बाई रघुवंशी पत्नि श्री सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी आयु-68 वर्ष, निवासी दलवी कालोनी गुना जिला गुना म.प्र. से ;विक्रय का अनुबंध पत्रद्ध अनुबंध गृहीता पवन कुमार जैन ने दिनांक 16/02/2026 को विक्रय अनुबंध किया था। उक्त भू-खण्ड छावनी गुना प. ह.न. 08 तहसील गुना नगर जिला गुना नगर पालिका गुना की वार्ड सीमा के अन्तर्गत वार्ड क्रमांक-02 न्यू सिटी कालोनी में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक- 2/320 (एस) एवं 3 मिन रकवा- 0.0310 हेक्टेयर यानी भू-खण्ड क्रमांक-63 एवं 63/1 जोकि 68 वाई 50 यानी कुल क्षेत्रफल 3400 वर्गफीट भू-खण्ड स्थित हैं। उक्त भूखण्ड विक्रय पत्र ई-पंजीयन नं. MP13342020A1892319 व MP13342021A1374595 दिनांक 28.12.2020 व 17.05.2021 जो तात्कालीन विक्रेता मोहित शर्मा, मोना शर्मा व अनीता अनीता श्रीवास्तव से श्रीमति भगवती बाई रघुवंशी ने क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया था।

उक्त भूखण्ड विक्रय पत्र ई-पंजीयन नं. MP13342017A1176876 दिनांक 31.03.2017 जो तात्कालीन विक्रेता प्रियंका रघुवंशी से मोहित शर्मा व अनीता श्रीवास्तव ने क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया था

उक्त भूखण्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1734 दिनांक 18ध्10ध्2010 जो तात्कालीन विक्रेता रीना रघुवंशी व रमा रघुवंशी से प्रियंका रघुवंशी, अनीता श्रीवास्तव मोना शर्मा ने क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया था

उक्त भूखण्ड का लिंक विक्रय पत्र को दिनांक 11.08.2010 रजि. नं. 1347 विकेता भाग्यवती देवी मुख्तारनामा आम वास्ते मधु शर्मा से रीना रघुवंशी व रमा रघुवंशी ने क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति खो गयी है ढूंढने पर मिल नहीं रही है।

मुख्तारनामा नियुक्तकर्ता भाग्यवती देवी ने मधु शर्मा के हित में दिनांक 20.11.2010 रजि. नं. 138 से मुख्तारआम नियुक्त किया था। उक्त मुख्तार नामा आम की मूल प्रति खो गयी है ढूंढने पर मिल नहीं रही है।

उक्त भूखण्ड का लिंक विक्रय पत्र को दिनांक 18.01.1999 रजि. नं. 3140 विकेता अरविन्द जैन,अतुज जग्गी, अनिल जैन से भाग्यवती देवी ने क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति खो गयी है ढूंढने पर मिल नहीं रही है।

उक्त उल्लेखित सम्पत्ति पर ऋण / सम्पत्ति के अगेंस्ट ऋण प्राप्त करने हेतु पवन कुमार जैन आदि ने LICHFL में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति ए फर्म ए संस्था ए निगम निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार -LICHFL के पक्ष में बंधक किये जाने अथवा उक्त उल्लेखित सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा LICHFL में' लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना पत्र के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें । उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार LICHFL के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी कृप्या सूचित हो।

दिनांक 08/03/2026

विनीत
देवेन्द्रसिंह रघुवंशी एडवोकेट
हाउसिंह बोर्ड ऑफिस के पीछ विद्यार्थी नगर गुना

निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी ने किया मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण

निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

गुना। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने आज बोर्ड परीक्षा उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में स्थापित मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की बारीकियों का अवलोकन किया और संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजेश गोयल ने सभी मूल्यांकनकताओं को कड़े निर्देश दिए कि मूल्यांकन कार्य अनिवार्य रूप से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल्यांकन कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता स्वीकार्य नहीं होगी। अंकों की प्रविष्टि एवं गणना पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने गणित, संस्कृत, अकाउंटेंसी एवं जीव विज्ञान विषयों के मूल्यांकनकताओं के प्रशिक्षण की समीक्षा की तथा मूल्यांकन मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जानकारी दी कि तृतीय चरण का मूल्यांकन 10 मार्च से प्रारम्भ होगा। वर्तमान स्थिति के अनुसार, अब तक हाई स्कूल की लगभग 35 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी की 45 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य संपन्न हो चुका है। आज के प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कार्य में जो शिक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए, उनके प्रति प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन केंद्र प्रभारी से ऐसे अनुपस्थित शिक्षकों की सूची तलब की है और स्पष्ट किया है कि उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अंत में सभी शिक्षकों से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

आगजनी से फसल बचाने के लिए सतर्क रहें किसान, उप संचालक कृषि ने जारी की अपील

गुना। रबी फसलों की कटाई का सीजन शुरू होते ही कृषि विभाग ने किसानों की मेहनत को सुरक्षित रखने के लिए कमर कस ली है। गुना जिले के उप संचालक कृषि संजीव शर्मा ने किसान भाइयों से अपील की है कि वे अपनी पकी हुई फसलों को आगजनी जैसी घटनाओं से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतें। उप संचालक शर्मा ने किसानों को सलाह दी है कि जिन खेतों के बीच या आसपास बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हैं, वहां की गेहूं की फसल को सबसे पहले काट लें। उन्होंने बताया कि कई बार बिजली के तारों से निकलने वाली चिंगारी के कारण खड़ी फसल में आग लगने की संभावना बनी रहती है, जिससे भारी नुकसान हो सकता है। कलेक्टर के आदेशों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि जिले में हार्वेस्टर संचालकों के लिए 'स्ट्रा रीपर' की व्यवस्था अनिवार्य कर दी गई है। बिना स्ट्रा रीपर के हार्वेस्टर चलाना प्रतिबंधित है। यदि कोई संचालक इसका उल्लंघन करता है या नरवाई से भूसा नहीं बनाता है, तो संबंधित हार्वेस्टर को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे नरवाई को जलाने के बजाय उसका भूसा बनवाएं और उसे गौशालाओं में दान करें या अपने पशुओं के लिए स्टोर करें, क्योंकि आने वाले समय में भूसे के अच्छे दाम मिलने की संभावना है। कृषि विभाग ने न केवल किसानों बल्कि राहगीरों से भी सहयोग की अपेक्षा की है। उप संचालक ने अपील की है कि सड़क किनारे से निकलने वाले राहगीर बीड़ी-सिगरेट पीकर जलती हुई माचिस की तीली या ठूँठ खेतों की ओर न फेंकें। छोटी सी लापरवाही से खेतों में भीषण आग लग सकती है, जिसका सीधा खामियाजा मेहनतकश किसानों को भुगतना पड़ता है। कृषि विभाग ने 'गुना को नरवाई मुक्त' बनाने और इसे 'गुलाबों का शहर' बनाने की दिशा में सभी के सहयोग का आह्वान किया है।

शारदा जागृति महिला समिति ने मनाया 'नारी गौरव सम्मान' समारोह

नवभारत न्यूज

गुना। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शारदा जागृति महिला समिति द्वारा 'नारी गौरव सम्मान' का भव्य आयोजन किया गया। यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता: के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से आसमान की बुलंदियों को छुआ है।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज की नारी सिर्फ घर की चहारदीवारी तक सीमित नहीं है, बल्कि चंद्रयान-3 की सफलता से लेकर फाइटर प्लेन उड़ाने तक और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे साहसिक अभियानों में अपनी शक्ति का लोहा मनवा रही है। समिति की संस्थापक सुनीता अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि यह सम्मान विशेष रूप से उन महिलाओं को समर्पित है जिन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यवसाय के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के साथ-साथ समाज सेवा में भी अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से निरंतर राजीव गांधी पार्क एवं काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में सेवा कार्य कर रही समिति की सभी बहनें वास्तव में सम्मान की पात्र हैं, जिनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।